No. of Printed Pages : 10 **MES–104**

# MASTER OF ARTS (EDUCATION)/ POST GRADUATE DIPLOMA IN HIGHER EDUCATION

# [MA (EDU)/PGDHE]

## Term-End Examination

## June, 2026

## MES-104 : PLANNING AND MANAGEMENT OF HIGHER EDUCATION

*Time : 3 Hours* *Maximum Weightage : 70%*

---

***Note :*** *All question are compulsory. All questions carry equal weightage.*

---

1. Answer the following question in about **600** words :

   Discuss in detail how various organizational structures and different managerial functions are formed/managed in different institutions of higher education in India.

   *Or*

   Keeping in view the effect of "Globalization" on the higher education system, discuss the role of Indian higher education in "Internationalization" of technical and professional higher education in the country.

2. Answer the following question in about **600** words :

   Discuss the process and parameters of 'assessment and accreditation' of the system of higher education in India. Analyze the role of the National Assessment and

Accreditation Council (NAAC) in the maintenance of quality of higher education in India.

*Or*

What are the major social concerns of contemporary Indian society ? How successful our higher education system has been in addressing these concerns. Substantiate your answer with suitable examples.

3. Answer any *four* of the following questions in about **150** words each :

   (a) Write a short note on 'Privatization of Higher Education' in India.

   (b) Discuss the importance of 'evaluation' in the developmental process of any curriculum.

(c) Enumerate the characteristics of an effective leader.

(d) Examine critically the issues related to the funding of higher education in India.

(e) Describe the principles of forming and maintaining a 'Time-Table' in an educational institution.

(f) Discuss the process of 'Institution Building'.

4. Answer the following question in about **600** words :

You have been appointed as a Principal of a degree college, where the outgoing Principal

was an autocrat. You want to bring in change in the institutional management.

(i) Discuss the mechanisms you would like to bring in participatory management in your institution.

(ii) How would you increase the participation of teachers in the decision-making process ?

(iii) How would you ensure the implementation of decisions taken ?

# MES–104

## स्नातकोत्तर कला (शिक्षा)/उच्च शिक्षा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

## [एम. ए. (ई. डी. यू.)/पी. जी.डी. एच. ई.]

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2026

## एम.ई.एस.–104 : उच्च शिक्षा का नियोजन एवं प्रबन्धन

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम भारिता : 70%*

---

***नोट :*** *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों की भारिता समान है।*

---

1. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

   भारत में उच्च शिक्षा के विभिन्न संस्थानों में विविध संगठनात्मक ढाँचों और विभिन्न प्रबन्धकीय प्रकार्यों को किस

प्रकार तैयार किया जाता है/प्रबन्धन किया जाता है ? सविस्तार परिचर्चा कीजिए।

**अथवा**

उच्च शिक्षा पद्धति पर "वैश्वीकरण" के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, देश में तकनीकी और व्यावसायिक उच्च शिक्षा के "अन्तर्राष्ट्रीयकरण" में भारतीय उच्च शिक्षा की भूमिका की परिचर्चा कीजिए।

2. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

भारत में उच्च शिक्षा पद्धति के 'आकलन और प्रत्यायन' की प्रक्रिया और प्राचलों की परिचर्चा कीजिए। भारत में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता के अनुरक्षण में राष्ट्रीय आकलन और प्रत्यायन परिषद् (एन.ए.ए.सी.) की भूमिका का विश्लेषण कीजिए।

**अथवा**

समकालीन भारतीय समाज के प्रमुख सामाजिक सरोकार कौन से हैं ? इन सरोकारों के सम्बोधन में हमारी उच्च शिक्षा पद्धति किस प्रकार सफल रही है ? अपने उत्तर को उपयुक्त उदाहरणों द्वारा प्रमाणित कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में) दीजिए :

(क) भारत में 'उच्च शिक्षा के निजीकरण' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(ख) किसी पाठ्यचर्या की विकासात्मक प्रक्रिया में 'मूल्यांकन' के महत्व की परिचर्चा कीजिए।

(ग) एक प्रभावी नेता की विशिष्टताओं को परिगणित कीजिए।

(घ) भारत में उच्च शिक्षा के निधीयन से सम्बन्धित मुद्दों का समीक्षात्मक परीक्षण कीजिए।

(ङ) एक शैक्षिक संस्था में 'समय-तालिका' (टाइम-टेबल) तैयार करने और उसके अनुरक्षण के सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए।

(च) 'संस्था निर्माण' की प्रक्रिया की परिचर्चा कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

आप एक महाविद्यालय के प्राचार्य के रूप में नियुक्त किये गये है, जहाँ पर निर्गामी/ पदमुक्त प्राचार्य एक तानाशाह था। आप सांस्थानिक प्रबन्धन में परिवर्तन लाना चाहते हैं।

(i) आप अपने संस्थान में सहभागी प्रबन्धन में कौन-से तन्त्र लाना पसन्द करेंगे ? परिचर्चा कीजिए।

(ii) निर्णयन प्रक्रिया में आप शिक्षकों की सहभागिता को किस प्रकार बढ़ायेंगे ?

(iii) लिये गये निर्णयों के क्रियान्वयन को आप किस प्रकार सुनिश्चित करेंगे ?

× × × × ×